भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 4170

गुरुवार, 18 जुलाई, 2019/27 आषाढ़, 1941 (शक)

एन.एच.ए.आई. द्वारा राजस्व संग्रहण

4170. श्री वी. के. श्रीकंदनः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का टोल एकत्र करने और सड़कों को संचालित करने के लिए निजी ऑपरेटरों को आमंत्रित करके तीसरे दौर की बोली में लगभग 50,000 करोड़ रुपए जुटाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रियायत का प्रारंभिक मूल्य अनुमानित 4,995.48 करोड़ रुपये है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ): महोदय, 11.09.2019 की निविदा देय तारीख तथा 4995.48 करोड़ रु. के प्रारंभिक प्राक्कलित रियायत मूल्य (आईईसीवी) के साथ टीओटी बंडल - 3 के लिए दिनांक 13.06.2019 को निविदा आमंत्रित की गई थी। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और तमिलनाडु राज्य में टीओटी बंडल - 3 के 9 खंडों की कुल लंबाई 566.27 किमी है।

*****